प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 31.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड समेत देशभर में कल से शुरू होगा जनगणना का पहला चरण, डिजिटल माध्यमों से घरों की सूची, निर्माण सामग्री, स्वामित्व और बुनियादी सुविधाओं के जुटाये जायेंगे डाटा।**
2. **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल से की मुलाकात, कथित शराब घोटाला मामले में चार्जशीट दाखिल करने और सीबीआई से जांच कराने का आग्रह।**
3. **प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के0 राजू ने पेसा कानून के बेहतर क्रियान्वयन और ग्राम सभा को सशक्त बनाने पर दिया जोर।**
4. **राज्य के कई हिस्सों में छह अप्रैल तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान, आज और कल आंधी और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी।**
5. **रांची में कल से दिखेगा महिला हॉकी का रोमांच, सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में टीमों के बीच होगी श्रेष्ठता की जंग, 12 अप्रैल को खिताबी मुकाबला।**

****

झारखंड समेत देशभर में कल से जनगणना का पहला चरण शुरु हो रहा है, जो तीस सितंबर तक चलेगा। सुविधा के अनुसार राज्य अपनी तीस दिन की अवधि निर्धारित करेंगे। इस बार डिजिटल माध्यमों से दो चरणों में डेटा संग्रह होगा। पहले चरण में घरों की सूचीबद्धता, निर्माण सामग्री, स्वामित्व, बुनियादी सुविधाओं जैसे डेटा जुटाए जाएंगे। जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में होगा जिसमें आबादी, जाति, धर्म, शिक्षा और रोजगार जैसी चीजों की गणना होगी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकॉन संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संयंत्र में होने वाला उत्पादन सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस संयंत्र में निर्मित चिप्स अमरीका तक पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक अग्रणी भागीदार के रूप में उभर रहा है।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर में आयोजित किसान मेला में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। इस मौके पर श्री सेठ ने कहा कि केन्द्र सरकार कृषकों की उन्नति के लिए कई योजनायें चला रही है, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना से झारखंड समेत देशभर के किसानों के जीवन में बदलाव आया है।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को घेरते हुए कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने लोकभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज मुलाकात कर एसीबी को साढ़े सात सौ करोड़ रूपये से अधिक कथित शराब घोटाला मामले में तुरंत चार्जशीट दाखिल करने के लिए निर्देश देने का आग्रह किया। साथ ही एसीबी की कथित संदेहास्पद भूमिका और संपूर्ण प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने की मांग की।

****

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के0 राजू ने कहा है कि पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर संवेदनशील है। श्री राजू ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पेसा कानून के बेहतर क्रियान्वयन और ग्राम सभा को सशक्त बनाने के प्रयास हो रहे हैं।

****

झारखंड समेत देश भर में प्राकृतिक गैस, पीएनजी के विस्तार में तेजी बनाए रखने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय पीएनजी अभियान के दूसरे चरण को इस वर्ष 30 जून तक बढ़ा दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि एक मार्च से औसतन प्रतिदिन पांच लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए हैं। सरकार ने आश्वास्त किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी का पर्याप्त भंडार है।

****

सीसीएल की बनियाडीह इकाई के महाप्रबंधक गिरीश चंद्र राठौर ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 6 लाख टन कोयला उत्पादन किया गया है। श्री राठौर ने आज पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अगले वर्ष कोयला का उत्पादन 13 लाख टन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके।

****

रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुस्कर ने आज पत्रकारों से बातचीत में बताया कि छापेमारी के दौरान दो लाख रूपये से अधिक की नकदी, एक चार पहिया वाहन, करीब पांच क्विलंटल सड़सठ किलोग्राम डोडा और अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

****

पलामू पुलिस ने वाहन जांच के दौरान पैंतीस लाख रूपये मूल्य का डोडा समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने आज पत्रकारों से बातचीत में बताया कि दो क्विंटल सोलह किलोग्राम डोडा एक चार पहिया वाहन में लादकर उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था।

****

महावीर जयंती को लेकर राज्यभर में जैन धर्मावलंबियों द्वारा आज शोभायात्रा निकाली गई। रांची में भी महावीर जयंती का आयोजन धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर डोरंडा में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में मेयर रौशनी खलखो भी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने भगवान महावीर के आदर्शों और उपदेशों को आत्मसात करने की अपील की।

****

मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के मुताबिक राज्य के कई हिस्सों में छह अप्रैल तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं। देवघर, दुमका और गिरिडीह समेत कुछ अन्य जिलों में आज ओलावृष्टि की आशंका है, जिसे लेकर चेतावनी जारी की गयी है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी आज और कल आंधी तथा वज्रपात की संभावना है। इससे अगले चौबीस घंटे के दौरान तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती है।

****

रांची में कल से महिला हॉकी का रोमांच देखने को मिलेगा। 16वीं हीकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप की कल से रांची में शुरूआत हो रही है। इस दौरान विभिन्न टीमों के बीच श्रेष्ठता की जंग देखने को मिलेगी, जबकि फाइनल मुकाबला 12 अप्रैल को खेला जाएगा।

********समाप्त*********